| सत्र 2023-2024 के लिए पाठयक्रम |
| --- |
| विषय - हिंदी (कक्षा -V) |
| |

## शिक्षकों के लिए सुझाव

– खेल आधारित, गतिविधि आधारित व समूह आधारित शिक्षण विधियों का प्रयोग करें। गतिविधियों में विद्यार्थियों को एक दूसरे से सीखने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हों।

– भाषा शिक्षण के लिए कक्षा लाइब्रेरी, समाचार-पत्र, वीडियो और आडियो रिकार्डिंग आदि का भी प्रयोग करें । बच्चों को सिर्फ़ किताबों तक ही सीमित ना रखा जाए।

– भाषा के चारों कौशलों (श्रवण कौशल, वाचन कौशल, पठन कौशल और लेखन कौशल) को बराबर महत्व दें। बच्चों को ऐसी गतिविधियाँ करवाई जाएँ जिनसे सभी कौशलों का विकास हो सके।

– जब आप कोई भी पाठ बच्चों को पढ़ा रहे हो तो उसके पाठ के लेखक और प्रयोग की गई साहित्य की विधा के बारे में भी बच्चों को ज़रूर बताएँ।

– व्याकरण भाषा शिक्षण का अभिन्न अंग है व्याकरण बच्चों को रटाया ना जाए। व्याकरण के व्यवहारिक स्वरूप पर अधिक बल दें।

| सत्र 2023-2024 के लिए पाठयक्रम | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा -V | | | | | | |
| विषय - हिंदी | | | | | | |
| **क्रम संख्या** | **पाठ संख्या** | **पाठ का नाम** | **सीखने के प्रतिफल** | कक्षा 3 और 4 से पाठ्यक्रम का मिलान | **टिप्पणी ( कौशल)** | **सुझावित गतिविधि** |
| **सत्र 1** | | | | | | |
| 1 | 1 | राख की रस्सी (लोककथा) | सुनी अथवा पढ़ी रचनाओं (हास्य, साहसिक, सामाजिक आदि विषयों पर आधारित कहानी, कविता आदि) की विषय वस्तु, घटनाओं, चित्रों और पात्रों, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं/प्रश्न पूछते हैं/ अपनी टिप्पणी देते हैं/ अपनी बात के लिए तर्क देते हैं/ निष्कर्ष निकालते हैं। | नुक्ते की पहचान व आवाज़ की समझ, वाक्य बनाना, संज्ञा का ज्ञान | वाचन व श्रवण कौशल - सस्वर व मूक वाचन<br>-होशियारी पर कोई अन्य कहानी सुनाना<br>- संकेतों के आधार पर राज्यों के नाम ढूँढ़ना,<br>पठन कौशल-<br>- विद्यार्थियों को पृष्ठ संख्या 10 और 11 पर दिया गद्यांश पढ़ने के लिए कहिए और उन पर आधारित सरल प्रश्न-उत्तर पूछिए। -<br>- कक्षा लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों में से कोई लोककथा विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए दीजिए। विद्यार्थी इसे अपने शब्दों में सुनाएंगे।<br><br>लेखन कौशल-<br>अनाजों के नाम, , श्रुतलेख, सुलेख, शब्दार्थ, प्रश्नोत्तर, चित्र वर्णन, कहानी लेखन<br>व्याकरण- संज्ञा और उसके भेद, नुक्ते वाले शब्द | - कक्षा का बीरबल गतिविधि (पृष्ठ संख्या 9)<br>- वाक्य प्रयोग,<br>-संज्ञा पहचानना |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | खिलौनेवाला (कविता) | -भाषा की बारीकियों पर ध्यान देते हुए अपनी भाषा गढ़ते हैं।<br>-विविध प्रकार की सामग्री (अखबार, बाल साहित्य, पोस्टर आदि) में संवेदनशील बिंदुओं पर मौखिक/लिखित अभिव्यक्ति करते हैं | तुकांत शब्द, नाम वाले शब्द, कविता का भाव समझना | <u>वाचन व श्रवण कौशल -</u><br>कविता को उचित लय, हाव-भाव के साथ गाना<br>कविता का भाव बताना,<br>त्योहारों से जुड़ी कहानी कक्षा में सुनाना<br><u>पठन कौशल-</u><br>पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देना,<br>_विद्यार्थियों को कोई अन्य कविता पढ़ने के लिए दीजिए और उस पर आधारित प्रश्न पूछिए<br><br><u>लेखन कौशल-</u><br>तुकांत शब्द लिखना,<br>कविता लेखन(दिए गए संकेत शब्दों के आधार पर), श्रुतलेख<br><u>व्याकरण-</u><br>सर्वनाम, तुकांत शब्द | खिलौनेवाले की भूमिका का निर्वहन<br>अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता, |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | चिट्ठी का सफर (लेख) | अपनी भाषा में पत्र लेखन द्वारा अपनी बात अभिव्यक्त करते है, विविध प्रकार के संचार के माध्यमों के बारे में जानेंगे (अखबार , टेलीफोन, रेडियो आदि)। | सर्वनाम वाले शब्द ,वचन बदलो ,विलोम शब्द। | <u>वाचन व श्रवण कौशल -</u>सस्वर व मूक वाचन, पैदल हरकारों/ डाकियों की समस्याओं पर चर्चा<br><u>पठन कौशल-</u><br>विद्यार्थियों को समाचार पत्र या किसी पत्रिका से कोई लेख पढ़ने के लिए दीजिए और उस पर आधारित प्रश्न पूछिए\|<br><u>लेखन कौशल-</u><br>अनौपचारिक पत्र (अपने मित्र या संबंधी को)<br>द्वित्व व्यञ्जन वाले शब्द लिखना<br><u>व्याकरण-</u><br>विशेषण<br>शब्दकोश का प्रयोग (शब्दों को वर्णमाला के अनुसार क्रम से लगाना व शब्दकोश में अर्थ खोजना) | - कुछ वर्ष पूर्व इस्तेमाल किए जाने वाले साधनों का ज्ञान,<br>- डाक टिकट इकट्ठा करो और एक कॉपी में चिपकाओ। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | वे दिन भी क्या दिन थे (विज्ञान कथा) | स्वेच्छा से या शिक्षक द्वारा तय गतिविधि के अंतर्गत लेखन की प्रक्रिया की बेहतर समझ के साथ अपने लेखन को जांचते हैं और लेखन के उद्देश्य और पाठक के अनुसार लेखन में बदलाव करते हैं। | समय के अनुसार वाक्य बनाना, संचार के साधनों के नाम | <u>वाचन व श्रवण कौशल -</u>सस्वर व मूक वाचन समय के अनुसार वस्तुओं के बदलते रूपों पर चर्चा (पृष्ठ संख्या 67)<br><u>पठन कौशल-</u><br>- पाठ पर आधारित प्रश्न पूछिए\|<br>- विद्यार्थियों को कक्षा लाइब्रेरी में से कोई विज्ञान कथा पढ़ने के लिए दें और उस पर आधारित प्रश्न पूछिए\|<br><u>लेखन कौशल-</u><br>डायरी लेखन (पृष्ठ संख्या 67)<br>अनुच्छेद लेखन (पृष्ठ संख्या 67, प्रश्न 2)<br>संचार के साधनों के नाम<br><u>व्याकरण-</u><br>वर्तमान, भूतकाल और भविष्य काल<br>क्रिया शब्द, शुद्ध-अशुद्ध वर्तनी | - संचार के साधनों के चित्र बनाओ या चिपकाओ<br>- अपनी डायरी बनाओ और उसमें खुद से जुड़ी घटनाएँ लिखो\| |

| सत्र 2 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | एक माँ की बेबसी (कविता) | भाषाओं की बारीकियों पर ध्यान देते हुए अपनी भाषा गढ़ते हैं और उसे अपने लेखन/ब्रेल में शामिल करते हैं। | वर्तनी का ज्ञान, शब्दों को तोड़ना व अर्थ, वाक्य संरचना, संज्ञा | <u>वाचन व श्रवण कौशल -</u><br>_कविता को उचित लय, हाव-भाव के साथ गाना कविता का भाव बताना,<br>गतिविधि 'तरह-तरह की भावनाएं' (पृष्ठ संख्या 70)<br><br><u>पठन कौशल-</u><br>कविता के पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देना,<br>_विद्यार्थियों को कक्षा लाइब्रेरी में से कोई अन्य कविता पढ़ने के लिए दीजिए और उस पर आधारित प्रश्न पूछिए\|<br><br><u>लेखन कौशल-</u><br>अनुच्छेद लेखन (मेरी माँ / पिता/ भाई / बहन / दादाजी आदि)<br><u>व्याकरण-</u><br>भाववाचक संज्ञा, मुहावरे, विशेषण, उपसर्ग-प्रत्यय, पर्यायवाची शब्द | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 11 | चावल की रोटियां (नाटक) | विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन में विराम चिह्नों, जैसे- पूर्ण विराम, अल्प विराम, प्रश्नवाचक चिह्न का सचेत इस्तेमाल करते हैं। | वाक्य में कर्ता व कर्म में संबंध समझना, शब्दावली में वृद्धि, व्यञ्जनों की जानकारी | <u>वाचन व श्रवण कौशल -</u><br>- सस्वर व मूक वाचन<br>- चावल से बनने वाले पकवानों पर चर्चा<br>- पाठ का नाट्य रूपांतरण<br><u>पठन कौशल</u><br>नाटक में से कोई अंश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर देना\|<br>विद्यार्थियों को कक्षा लाइब्रेरी में से कोई अन्य नाटक पढ़ने के लिए दीजिए और उस पर आधारित प्रश्न पूछिए\|<br><br><u>लेखन कौशल-</u><br>चावल से बनने वाले पकवानों के नाम,<br>संवाद लेखन (दो पक्षों की बहस)<br>अपनी पसंद के व्यंजन की विधि लिखना<br><u>व्याकरण-</u><br>कारक (के, में, ने, को, से ), समानार्थी शब्द,पर्यायवाची शब्द | - पाठ का नाट्य रूपांतरण<br>- भारत के विभिन्न राज्यों की भाषा, कपड़ों, रहन-सहन और खान-पान के बारे में जानना\| |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 13 | स्वामी की दादी (कहानी) | अपने आसपास घटने वाली घटनाओं की बारीकियों पर ध्यान देते हुए उन पर मौखिक रूप से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं/ प्रश्न पूछते हैं। | मुहावरों की समझ, संज्ञा की विशेषता बताने वाले शब्दों की पहचान, पुल्लिंग एवं स्त्रीलिंग की पहचान, शब्दों के उल्टे अर्थ की पहचान | <u>वाचन व श्रवण कौशल</u><br>- सस्वर व मूक वाचन,<br>- 'तुम इन हालातों में कैसा महसूस करते' विषय पर चर्चा (पृष्ठ संख्या 106)<br>- दादी के बक्से के सामान पर चर्चा<br><br><u>पठन कौशल-</u><br>- पाठ के गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देना<br>- कक्षा लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों में से कोई कहानी विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए दीजिए। विद्यार्थी इसे अपने शब्दों में सुनाएंगे।<br><br><u>लेखन कौशल-</u><br>कहानी लेखन ( कहानी आगे बढाना/दिए गए संकेत शब्दों के आधार पर कहानी लिखना)<br><br><u>व्याकरण-</u><br>- विशेषण<br>- दिए गए शब्दों का लिंग पहचानना (पृष्ठ संख्या107)<br>- विराम चिह्न | दादी के बक्से का चित्र बनाना,<br>वर्ग पहेली में विशेषण खोजना,<br>कहानी आगे बढाना |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 16 | पानी रे पानी (लेख) | अपनी कल्पना से कहानी, कविता , पत्र आदि लिखते हैं। | वाक्यांश पठन, बारिश जल का मुख्य स्रोत इसकी जानकारी, रचनात्मकता | <u>वाचन व श्रवण कौशल</u><br>- सस्वर व मूक वाचन<br>- पृष्ठ संख्या 126-127 का सस्वर वाचन दीजिए और उस पर आधारित प्रश्न पूछिए\|<br>- बाढ व अकाल पर चर्चा<br>- श्रुतलेख<br><br><u>पठन कौशल</u><br>- विद्यार्थियों को समाचार पत्र या किसी पत्रिका से कोई लेख पढ़ने के लिए दीजिए और उस पर आधारित प्रश्न पूछिए\|<br><u>लेखन कौशल</u><br>औपचारिक पत्र (प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र)<br><br><u>व्याकरण-</u><br>वाक्यांश के लिए एक शब्द, मुहावरे, अनेकार्थी शब्द | - जल चक्र का चित्र बनाना,<br>- पानी बचाओ विषय पर पोस्टर व नारे बनाना |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 17 | छोटी सी हमारी नदी (कविता) | उद्देश्य और सन्दर्भ के अनुसार शब्दों, वाक्यों, विराम चिह्नों का उचित प्रयोग करते हुए लिखते हैं। | श्रुतलेख, भारत की नदियों की जानकारी | <u>वाचन व श्रवण कौशल</u><br>- सस्वर व मूक वाचन<br>- नदी में नहाने या मछली पकड़ने से जुड़े हुए अनुभव साझा करना<br><br><u>पठन कौशल-</u><br>- कविता के अंश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देना,<br>- विद्यार्थियों को कोई अन्य कविता पढ़ने के लिए दीजिए और उस पर आधारित प्रश्न पूछिए<br>- चित्र पठन (पृष्ठ संख्या 132-133)<br><br><u>लेखन कौशल-</u><br>- अनुच्छेद लेखन ( किसी त्योहार पर)<br>- दिए गए विषय पर कविता लिखना/पूरा करना<br>हिंदी महीनों के नाम,<br>भारत की नदियों के नाम<br><br><u>व्याकरण-</u><br>वर्तनी, तुकांत शब्द, देशज शब्द | - नदी के सफर को चित्र द्वारा दर्शाना<br>- भारतीय नदियों को मानचित्र में दिखाना<br>- भारतीय कैलेंडर में महीनों के नाम |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 18 | चुनौती हिमालय की (यात्रा-वर्णन) | भाषा की बारीकियों पर ध्यान देते हुए अपनी भाषा गढ़ते हैं और उसे अपने लेखन/ब्रेल में शामिल करते हैं। | संज्ञा की पहचान, पर्वत का अर्थ व विभिन्न पर्वतों के नामों की जानकारी, भारत के नक़्शे की पहचान | <u>वाचन व श्रवण कौशल</u><br>- सस्वर व मूक वाचन<br>- विद्यार्थी अपनी किसी यात्रा से जुड़े अनुभव कक्षा में सुनाएंगे\|<br><u>पठन कौशल</u><br>पाठ के गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देना<br>- कक्षा लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों में से कोई यात्रा-वर्णन विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए दीजिए\| इस पर आधारित प्रश्न पूछे\|<br><br><u>लेखन कौशल-</u><br>यात्रा के अनुभवों के बारे में लिखना<br>दिए गए चित्र का वर्णन करना<br><u>व्याकरण-</u><br>निर्जीव चीजों का मानवीकरण ( पृष्ठ संख्या 145)<br>विलोम शब्द, पर्यायवाची शब्द, वचन बादलों, लिंग बदलो | - कोलाज द्वारा पर्वतों का चित्र बनाना,<br>यात्रा वर्णन, पेड़ से मिलने वाली चीज़ों की सूची बनाना, पेड़ बचाओ विषय पर पोस्टर व नारे बनाना |